राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ–226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक–2754/241/NULM/तीन/2001–SSUP-2019 दिनांक–09/07/19

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0।
2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा उ0प्र0।

विषयः "DAY-NULM के अन्तर्गत "शहरी समृद्धि उत्सव पखवाड़ा फरवरी 2019" के अन्तर्गत चिन्हित स्वयं सहायता समूह सदस्यों को समन्वय के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत विगत माहों में आयोजित शहरी समृद्धि उत्सव पखवाड़ा फरवरी 2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पखवाडा में मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को सामाजिक सुरक्षा, प्रधान मंत्री आवास योजना, व्यक्तिगत शौचालय, कुपोषण आदि योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु सभी शहरों द्वारा सर्वेक्षण के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष अधिकांश शहरों/जनपदों मे अद्यतन लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पायी है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनांक 17.06.2019 को भारत सरकार में आयोजित बैठक में संयुक्त सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि शहरी समृद्धि उत्सव पखवाड़ा फरवरी 2019 में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शत–प्रतिशत उपलब्धी सुनिश्चित की जाय तथा अद्यतन गठित सभी SHG सदस्यों को समन्वय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाय। यह कार्यवाही प्रति दिन नियमित आधार पर की जाये तथा रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल पर SULM, सूडा उ0प्र0 द्वारा अपलोड कराया जाय। शहरी समृद्धि उत्सव पखवाड़ा इस वर्ष भी पूर्व की भांति मनाया जायेगा, जिसकी तिथि शीघ्र ही भारत सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी। इस प्रकार उक्त हेतु आवश्यक है कि SHG सदस्यों को नियमित आधार पर सामाजिक सुरक्षा, आवास, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन, पोषण आदि योजनाओं से समन्वय के माध्यम से लाभान्वित कराया जाय। तथा साप्ताहिक आख्या पूर्व मे प्रेषित निर्धारित प्रारूप पर SULM, सूडा, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जाये।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार शहरी समृद्धि उत्सव पखवाडा फरवरी 2019 में लाभ से वंचित रह गये सदस्यों के साथ ही साथ गठित समूह एवं गठित होने वाले समूहों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभ दिलाये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
3. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक